**प्रेस विज्ञप्ति**

**भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का कार्यालय**

**10 नवंबर, 2025**

## भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का कार्यालय (सीएजी) और डिजिटल इंडिया भाषिणी प्रभाग(डीआईबीडी) के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का कार्यालय और डिजिटल इंडिया भाषिणी प्रभाग (डीआईबीडी), डिजिटल इंडिया कॉर्पोरेशन, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के बीच 10 नवंबर 2025 को संचार में आसानी के लिए एक मल्टीमोडल (पाठ, संख्या, ध्वनि, चित्र और वीडियो), बहुभाषी अनुवाद एआई प्लेटफॉर्म, भाषिणी के कार्यान्वयन, प्रशासन और प्रबंधन के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

भाषिणी एआई प्लेटफ़ॉर्म एक सुरक्षित क्लाउड माध्यम में पाठ, संख्या, ध्वनि, चित्र और वीडियो का अनुवाद कर सकता है। इसे 200 से अधिक सीएजी कार्यालयों में क्रियान्वित किया जाएगा। सीएजी के कार्यालयों द्वारा प्रतिवेदन तैयार करने में एआई के उपयोग का पता लगाने और प्लेगरिज्म की पहचान करने हेतु भाषिणी में एआई युक्त तकनीक भी उपलब्ध कारवाई जाएगी। भाषिणी एआई प्लेटफ़ॉर्म, सीएजी का प्रतिवेदन तैयार करने की प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में प्रतिवेदनों, सर्वेक्षणों और साक्ष्यों के अनुवाद के लिए, सीएजी के विभिन्न कार्यालयों के लिए भाषिणी ऐप द्वारा तैयार किए गए अनुवादित, प्रतिलेखित, लिप्यांतरण के पुनरीक्षण हेतु एक कार्यप्रवाह प्रणाली विकसित करेगा।

यह  बात बहुत महत्वपूर्ण है कि भाषिणी मंच पर एआई माध्यम से कार्य करने मे सक्षम, संचार एप्लीकेशन, संचार को सरल बनाएगा और जब भी जरूरत हो, संसदीय समितियों, सरकारी कर्मचारियों के हकदारी संबंधी कार्य, शिकायत निवारण, हितधारकों, तथा स्थानीय मीडिया के साथ काम करने के लिए यह अत्यधिक उपयोगी होगा।

---

**BSC/SS/IK/74-25**




श्री भवानी शंकर महानिदेशक (राजभाषा) के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का कार्यालय (सीएजी) और डिजिटल इंडिया भाषिणी प्रभाग(डीआईबीडी)




10.11.2025 को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के अवसर पर समूह फोटोग्राफ।